तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि - कांकेर भूमि

रायपुर, गुरुवार 23 जुलाई 2026



12 जर्जर माहुद शाला में भरा वर्षा का पानी कचरा शेड ...




12 डीईओ ने स्कूल में नशे में पहुंचे प्राशा एचएम को...






## खबर संक्षेप

### अज्ञात व्यक्ति की मौत, मर्ग कायम


**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत सीएचसी चारामा में इलाज के लिए लाए व्यक्ति का 21 जुलाई को मौत हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अस्पताल में अज्ञात व्यक्ति को इलाज के लिए लाया गया था। अस्पताल से अस्पताली मेमो चारामा थाना में पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया। अज्ञात व्यक्ति की समाचार लिखे जाने तक पहचान नहीं हो पाई।

### पंचायतों में 30 को विशेष ग्रामसभाएं



**कांकेर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार 30 जुलाई को जिले की सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा आयोजित होगी। इसमें 16 वें वित्त आयोग के तहत वर्ष 2026-27 की ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) का अनुमोदन किया जाएगा। कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने ग्राम सभा की अधिकतम 15 मिनट की वीडियो रिकॉर्डिंग कर जीएस निर्णय मोबाइल ऐप पर अपलोड करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही सभासार एआई पोर्टल के माध्यम से कार्यवाही तैयार कर वाइब्रेंट ग्राम सभा एवं जीपीडीपी पोर्टल पर शत-प्रतिशत जानकारी अपलोड करने के निर्देश भी जारी किए गए हैं।

### आईटीआई में ऑनलाइन काउंसिलिंग 24 तक




**अंतागढ़।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अंतागढ़ में सत्र 2026-27 एवं 2026-28 के लिए चौथे एवं पांचवें चरण की ऑनलाइन काउंसलिंग एवं प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी 17 से 24 जुलाई तक निर्धारित ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीयन कर प्रवेश प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। प्रवेश पूरी तरह मेरिट के आधार पर किया जाएगा। शनिवार 01 अगस्त एवं रविवार को अवकाश होने के बावजूद प्रवेश कार्य के लिए शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अंतागढ़ खुला रहेगा, ताकि किसी भी पात्र अभ्यर्थी को प्रवेश लेने में असुविधा न हो।

### हादसे में मौत की जांच के बाद मामला कायम

**कांकेर।** अंतागढ़ थाना क्षेत्र के नवागांव–जैतानवागांव मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से 20 वर्षीय युवक श्रवण कुमार पटेल की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार 18 मई की रात वह अपनी मोटरसाइकिल से घर लौट रहा था, तभी पुल के पास सामने से आए अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंतागढ़ ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने धारा 106(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर आरोपी वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

### पॉलिटेक्निक परीक्षा का परिणाम उत्कृष्ट

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई द्वारा घोषित डिप्लोमा इन सिविल इंजीनियरिंग छठवें सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम में शासकीय पॉलिटेक्निक कांकेर के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के छात्र तीजेन्द्र कुमार 87.8 प्रतिशत अंक प्रथम स्थान, लाकेश कुमार 85.2 प्रतिशत द्वितीय तथा दानेश्वर ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। संस्था के प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र सिंह ने सभी सफल विद्यार्थियों की उपलब्धि को उनकी मेहनत, अनुशासन और प्राध्यापकों का परिणाम बताया है।

# सराधुनवागांव में रेत के अवैध भंडारण पर खनिज विभाग ने थमाया नोटिस और किया तलब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

सराधुनवागांव में निजी भूमि पर बड़ी मात्रा में रेत का भंडारण मिलने के बाद कलेक्टर कार्यालय की खनिज शाखा ने संबंधित व्यक्ति को नोटिस जारी कर तीन कार्यालयीन दिवस के भीतर परिवहन एवं भंडारण से संबंधित वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा इसी दौरान हाराडुला सरपंच के पति के ट्रैक्टर को अवैध परिवहन करते दबोचा गया।

■ तीन दिनों में दस्तावेज प्रस्तुत करने की हिदायत

कांकेर जिले के ग्राम सराधुनवागांव में अवैध रूप से रेत भंडारण के मामले में जिला प्रशासन ने कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी है। कलेक्टर कार्यालय की खनिज शाखा द्वारा सराधुनवागांव निवासी नरेंद्र कुमार सिंहा पिता अनिरूद्व सिंहा को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। नोटिस के अनुसार ग्राम सराधुनवागांव में हितेंद्री जैन की निजी भूमि पर बड़ी मात्रा में रेत का भंडारण पाया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित व्यक्ति द्वारा रेत के परिवहन एवं भंडारण से संबंधित कोई वैध अनुमति अथवा दस्तावेज मौके पर प्रस्तुत नहीं किया जा सका। इसे गंभीरता से लेते हुए खनिज शाखा ने संबंधित व्यक्ति को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। नोटिस में निर्देशित किया गया है कि नोटिस प्राप्त होने की तिथि से तीन कार्यालयीन दिवस के भीतर रेत ▶▶|शेष पेज 10 पर

## हाराडुला सरपंच के पति के ट्रैक्टर से अवैध परिवहन करते पकड़ा






### ट्रैक्टर जब्त, डंप मामले पर नोटिस जारी

खनिज निरीक्षक पुकेश कुमार नाग ने हरिभूमि से बात करते हुए बताया कि हाराडुला में ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 19 बीपी 5176 अवैध रूप से रेत का परिवहन करते हुए पकड़ा गया। ट्रैक्टर चालक पोषण मरकाम ने पूछताछ में बताया कि वाहन हाराडुला सरपंच के पति टकेश्वर मरकाम का है। मामले में अवैध रेत परिवहन का प्रकरण दर्ज कर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। वहीं सराधुनवागांव में मिले अवैध रेत डंप के संबंध में संबंधित व्यक्ति को वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए नोटिस जारी किया गया है।

## विभागीय कार्रवाई की तैयारी, बीएमओ से विस्तृत रिपोर्ट किया तलब

# जुआ मामले में पांच स्वास्थ्यकर्मियों पर गिरेगी गाज, सीएचएमओ ने मांगी रिपोर्ट



1/2 कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, कांकेर जिला–उत्तर बस्तर कांकेर (छ0ग0)

विषय :- दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित शीर्षक "सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में जुआ खेलते हुए, लेखापाल समेत 12 गिरफ्तार" के संबंध में।



जुए में आरएचओ, एनएचएम के लेखापाल, 5 कर्मचारी और सात अन्य थे शामिल

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में जुआ, लेखापाल समेत 12 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चारामा परिसर में जुआ खेलते पकड़े गए पांच शासकीय स्वास्थ्य कर्मचारियों के मामले में अब विभागीय कार्रवाई की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। पुलिस द्वारा सभी आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई किए जाने के बाद मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए चारामा एवं नरहरपुर के खंड चिकित्सा अधिकारियों बीएमओ से विस्तृत जांच प्रतिवेदन तलब किया है।

■ चारामा बीएमओ ने 108 के कर्मचारियों को भी जारी किया नोटिस

प्राप्त जानकारी के अनुसार 19 जुलाई को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चारामा के परिसर में कुछ कर्मचारी जुआ खेलते पाए गए थे। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की और जुआ खेल रहे 05 शासकीय और 07 अशासकीय जुआरियों के खिलाफ वैधानिक प्रकरण दर्ज किया। शासकीय कर्मचारियों में चार कर्मचारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चारामा में पदस्थ हैं, जबकि एक कर्मचारी नरहरपुर विकासखंड के दबेना क्षेत्र में कार्यरत बताया गया है। पुलिस कार्रवाई के बाद सीएमएचओ ▶▶|शेष पेज 10 पर

### 108 कर्मचारियों को जारी होगा नोटिस

बीएमओ डॉ. ओपी शंखवार ने हरिभूमि से बात करते हुए बताया कि 108 एवं 102 कर्मचारियों को ठहरने के लिए एक कमरा दिया गया और साथ में कूलर एवं अन्य सुविधाए दी गई थी। उस कमरे में जुआं खेलते हुए पकड़ा गया है, उन कर्मचारियों को नोटिय देकर यह जानकारी चाही गई है कि उस कमरे को जुआं खेलने के लिए किसके कहने पर परमीशन दी गई।

### दो संविदा कर्मचारियों को बर्खास्तगी की मांग

जुआ खेलने के मामले में स्वास्थ्य विभाग के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के दो संविदा कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग उठने लगी है। आरोप है कि दोनों कर्मचारियों की इस हरकत से एनएचएम और स्वास्थ्य विभाग की छवि धूमिल हुई है। जानकारी के अनुसार संविदा कर्मचारियों को निलंबित करने का प्रावधान नहीं है, बल्कि गंभीर अनुशासनहीनता की स्थिति में उनकी सेवा समाप्त (बर्खास्त) की जा सकती है। सीएमएचओ द्वारा नियमानुसार कार्रवाई नहीं की गई, तो मामले की शिकायत मुख्यमंत्री जन शिकायत पोर्टल तथा संबंधित विभाग के संचालक (डायरेक्टर) से किए जाने की बात कही जा रही है।

### विधायक से करवा दिया फोन

जुआं में पकड़ाए 05 आरोपियों में एक जुआरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में यह कहते हुए पाया गया कि उच्च अधिकारियों की विधायक से बात करवा दिया है और अब कुछ नहीं होगा। जुआरी ऐसे निश्चिंत हो गए है कि अब कुछ होने वाला नहीं है। अस्तपताल जहाँ से उनकी रोजी रोटी लगी है, वहीं पर जुआं खेलकर विभाग और स्वंय की छवि खराब कर दिया है। विभाग प्रमुख इन पर कार्रवाई नहीं करता तो यह मामला स्वास्थ्य विभाग के सचिव और सीएम पोर्टल पर शिकायत की जा सकती है।

# शासकीय अधिकारी की कार से बाइक टकराई, चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



■ एचडीएफसी बैंक के पास हुई घटना, कार का दाहिना हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त

शहर में तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने का एक और मामला सामने आया है। झुनियापारा स्थित एचडीएफसी बैंक के पास एक तेज गति से आ रही मोटरसाइकिल ने शासकीय अधिकारी की कार को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कार का दाहिना हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि बाइक चालक मौके से फरार हो गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी 50 वर्षीय संजय कुमार मंडावी पिता फकीर सिंह मंडावी निवासी झुनियापारा कांकेर, वर्तमान में कार्यालय कलेक्टर जिला कोण्डागांव में सहायक पंजीयक, सहकारी संस्थाएं के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि 21 जुलाई को वे शासकीय कार्य से अपनी सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार क्रमांक सीजी 07 एटी 3813 से कोण्डागांव गए थे और शाम लगभग 6:30 बजे जब वे कोण्डागांव से वापस कांकेर लौट रहे थे और झुनियापारा स्थित एचडीएफसी बैंक के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रही एवेंजर मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 06 जीपी 9457 के चालक ने तेज एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उनकी कार को जोरदार टक्कर मार दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के दाहिनी ओर पिछले दरवाजे से लेकर सामने के साइड मिरर तक का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद मोटरसाइकिल चालक बिना रुके मौके से भाग निकला। घटना के कारण कुछ देर के लिए सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और तेज एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने से बचें, क्योंकि ऐसी लापरवाही न केवल संपत्ति को नुकसान पहुंचाती है बल्कि लोगों की जान भी जोखिम में डाल सकती है। ▶▶|शेष पेज 10 पर

# 300 फुटेज खंगाले, लाखों की चोरी का मास्टरमाइंड निकला पड़ोसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर





चारामा के वार्ड क्रमांक 02 में सूने मकान में हुई चोरी का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने बताया कि इस मामले में एक चोर का दबोचा गया, जो पड़ोसी निकला। चोर के पास से 8 लाख की चोरी की संपत्ति को भी जब्त किया गया। उन्होने बताया कि 300 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का बारीकी से विश्लेषण किया और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी तक पहुंची।

पुलिस अधीक्षक ने मीडिया से रूबरू होते हुए बताया कि वार्ड क्रमांक-2 चारामा निवासी 48 वर्षीय पंकज मेश्राम ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 15 जुलाई को वे परिवार सहित धमतरी जिले के दानीटोला गए थे। 17 जुलाई को पड़ोसी से सूचना मिली कि उनके मकान का पिछला दरवाजा खुला हुआ है। घर पहुंचने पर आलमारी का ताला टूटा मिला और उसमें रखे सोने-चांदी के जेवरात तथा नगदी सहित लगभग 8.45 लाख रुपये की संपत्ति चोरी हो चुकी थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एएसपी योगेश साहू और एसडीओपी मोहसिन खान के निर्देशन एवं पर्यवेक्षण में बनी टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे 300 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाले। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर वार्ड क्रमांक-2 निवासी 25 वर्षीय पवन सोनकर को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में उसने 16 जुलाई की रात मकान के पीछे से प्रवेश कर दरवाजा और आलमारी का ताला तोड़कर जेवरात एवं नगदी चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी ने बताया कि निजी आर्थिक जरूरतों को पूरा करने के उद्देश्य से उसने इस वारदात को अंजाम दिया। आरोपी के कब्जे से चोरी गए सोने-चांदी के आभूषण, नगदी, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन तथा सेंधमारी में इस्तेमाल लोहे का पलटा, पेचकस, प्लास, आरी सहित अन्य औजार बरामद किए। बरामद संपत्ति का कुल अनुमानित मूल्य लगभग 8 लाख रुपए है। इस सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार राठौर के नेतृत्व में उप निरीक्षक रूपेन्द्र पटेल, उप निरीक्षक हेमंत कुमार, सहायक उप निरीक्षक दुष्यंत दीवान, आरक्षक तरुण सिन्हा, आरक्षक अनिल जैन, आरक्षक हिरामन यादव तथा साइबर सेल कांकेर के निरीक्षक यशवंत श्याम एवं उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उत्कृष्ट विवेचना, त्वरित गिरफ्तारी और चोरी गई संपत्ति की शत-प्रतिशत बरामदगी पर पुलिस अधीक्षक ने पूरी टीम को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

# नीट पेपर लीक एवं दिल्ली की घटना पर कांग्रेस ने पीएम का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




दिल्ली में नीट परीक्षा के कथित पेपर लीक और प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं व छात्रों के साथ कथित मारपीट के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी कांकेर ने बुधवार को जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री का पुतला दहन कर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की तथा नीट प्रकरण की निष्पक्ष जांच और जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग उठाई।

■ जिला कांग्रेस ने जोरदार किया प्रदर्शन और की नारे बाजी

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी ने कहा कि नीट परीक्षा में कथित पेपर लीक और भ्रष्टाचार ने देश की शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी छात्रों के भविष्य की रक्षा के लिए लोकतांत्रिक तरीके से प्रदर्शन कर रही थी, लेकिन इस दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय पदाधिकारियों सहित कई सांसदों के साथ कथित तौर पर दुर्व्यवहार और मारपीट की गई। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक मूल्यों और संविधान पर हमला बताया। जिलाध्यक्ष बसंत यादव ने कहा कि नीट पेपर लीक से लाखों विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों का विश्वास टूटा है। उन्होंने कहा कि वर्षों की मेहनत करने वाले छात्रों ▶▶|शेष पेज 10 पर

## बासनवाही के प्राथमिक स्कूल की बदहाली की जानकारी कई बार दी पर नतीजा जीरो

# बासनवाही प्राशा जर्जर, तिरपाल के साए में जान हथेली पर लेकर करते हैं पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बासनवाही







शिक्षा के मंदिर में जहां बच्चों का भविष्य संवरना चाहिए, वहां आज मासूम नौनिहाल अपनी जान जोखिम में डालकर पढ़ाई करने को मजबूर हैं। ऐसी परिस्थिति कांकेर जिले की सरोना तहसील अंतर्गत संकुल केंद्र बासनवाही के शासकीय प्राथमिक शाला अलबेलापारा बासनवाही की है। ग्रामीणों और पालकों ने प्रशासन से तत्काल नया भवन उपलब्ध कराने तथा सुरक्षित वैकल्पिक व्यवस्था की मांग की है।

ग्रामीणों के अनुसार विद्यालय भवन कई वर्षों पुराना है और लंबे समय से इसकी मरम्मत अथवा नए भवन के निर्माण की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक जिम्मेदार विभाग की ओर से कोई ठोस पहल नहीं हुई। भवन की दीवारों में चौड़ी ▶▶|शेष पेज 10 पर

### वैकल्पिक भवन की माँग

अलबेलापारा के ग्रामीणों और अभिभावकों ने प्रशासन एवं शिक्षा विभाग से मांग की है कि विद्यालय भवन का तत्काल तकनीकी परीक्षण कराया जाए। जब तक नया भवन तैयार नहीं हो जाता, तब तक बच्चों की पढ़ाई के लिए किसी सुरक्षित वैकल्पिक भवन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उनका कहना है कि किसी संभावित दुर्घटना का इंतजार करने के बजाय समय रहते आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि नौनिहालों की सुरक्षा और शिक्षा दोनों सुनिश्चित हो सकें।

# कांकेयर ब्रांड बनी महिलाओं की पहचान, जैविक उत्पादों की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




कांकेर जिले में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा तैयार कांकेयर ब्रांड तेजी से अपनी पहचान बना रहा है। यह ब्रांड जिले की हजारों महिलाओं की मेहनत, आत्मनिर्भरता और गुणवत्तापूर्ण प्राकृतिक उत्पादों का प्रतीक बन चुका है।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी ने बताया कि कांकेयर ब्रांड के तहत सरसों तेल, अरहर दाल, छिंद गुड़, शहद, रागी, कोदो, मक्का, आम का अचार सहित विभिन्न जैविक एवं प्राकृतिक उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं। दण्डकारण्य क्षेत्र की प्राकृतिक परिस्थितियों में उगाए गए ये उत्पाद पूरी तरह शुद्ध, प्राकृतिक और उच्च गुणवत्ता वाले होते हैं। यह उत्पाद जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा पारंपरिक एवं जैविक पद्धति से तैयार किया जाता है, जिसमें रासायनिक उर्वरकों का उपयोग नहीं होता है। एफएसएसएआई से पंजीकृत होने के कारण उत्पादों की गुणवत्ता और शुद्धता का पूरा ध्यान रखा जाता है। वर्तमान में कांकेयर उत्पाद सी-मार्ट के माध्यम से स्थानीय बाजारों और कांकेश्वरी ▶▶|शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### लाठीचार्ज का विरोध, कांग्रेस ने फूंका पीएम का पुतला



**अंतागढ़।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों के आंदोलन के दौरान पुलिस द्वारा किए गए कथित लाठीचार्ज के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कर प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि आंदोलन के समर्थन में पहुंचे कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और भूपेश बघेल को बलपूर्वक हिरासत में लेकर अन्यत्र ले जाया गया, जिसकी कांग्रेस ने कड़ी निंदा की। कार्यकर्ताओं ने इसे लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दुर्गेश ठाकुर, वरिष्ठ कांग्रेसी मुकेश ठक्कर, जिला महामंत्री विश्राम सिंह गावड़े, घनश्याम यादव, शेख शरीफ कुरैशी, प्रदीप तुरतुरिया, युवा कांग्रेस अध्यक्ष गुड्डा नेताम सहित बंटी गुप्ता, सुजल निषाद, विशाल फफमारिया, बंटी राणा, प्रयाग नरवास, शीष कौड़ो, गोविंद कौड़ो, मानु टीकम, डेविड दुगा, सोनू कुमेटी, लवकुश, सुमित निषाद, छोटू देहारी, किशन साहू और अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### एनएसयूआई ने किया प्रदर्शन, पीएम का छाया पुतला फूंका

**दुर्गूकोंदल।** नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुए कथित लाठीचार्ज के विरोध में



बुधवार को दुर्गूकोंदल में राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई के नेतृत्व में विरोध-प्रदर्शन किया गया। ब्लॉक अध्यक्ष नंद कुमार नेताम के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने स्थानीय बस स्टैंड में एकत्र होकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर प्रतीकात्मक पुतला दहन कर अपना विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन के दौरान एनएसयूआई पदाधिकारियों ने कहा कि लोकतंत्र में छात्रों को अपनी बात शांतिपूर्ण ढंग से रखने का अधिकार है। उनका आरोप था कि प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर बल प्रयोग लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। कार्यकर्ताओं ने छात्र हितों की रक्षा, मामले की निष्पक्ष जांच तथा जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि छात्रों की आवाज को दबाने के बजाय उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए। उन्होंने केंद्र सरकार से भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने तथा लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। इस प्रदर्शन को कांग्रेस संगठन का भी समर्थन मिला। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्गूकोंदल के अध्यक्ष धनेश नरेटी, हुमन मरकाम, दिनेश महावे, रामजी पुडो, दीनदयाल पटेल, सिया दर्रो, महातम दुग्गा, हरेश रावटे, पुरन बघेल, जितेंद्र नाग, प्रभुराम जाड़े, राहुल नाग और जयसिंह जुर्री सहित कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।

# किसान, आदिवासियों व व्यापार समझौते के मुद्दे पर राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

## अमेरिका-भारत व्यापार समझौते के विरोध में किसान यूनियन का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

छत्तीसगढ़ के किसानों, आदिवासियों एवं ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं को लेकर राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन जिला कलेक्टर के माध्यम से सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध छत्तीसगढ़ के लोगों का समुचित विकास नहीं हो पा रहा है और आदिवासी समाज शोषण व बेदखली जैसी समस्याओं का सामना कर रहा है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि राज्य को माओवाद मुक्त घोषित किए जाने के बावजूद ऐसे कई ग्रामीण और आदिवासी



### आजीविका प्रभावित होने की आशंका

*ज्ञापन में आशंका जताई गई कि अमेरिकी डेयरी उत्पादों के आयात से देश के छोटे और सीमांत दुग्ध उत्पादकों की आजीविका प्रभावित होगी। बीजों पर कॉर्पोरेट नियंत्रण का मुद्दा उठाते हुए कहा गया कि पेटेंट आधारित बीज व्यवस्था लागू होने से किसानों की पारंपरिक बीज संरक्षण व्यवस्था कमजोर होगी और उनकी स्वायत्तता प्रभावित होगी। ज्ञापन के माध्यम से राज्यपाल से मांग की गई कि किसानों और आदिवासियों के हितों की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं तथा भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर पुनर्विचार करते हुए इसे रद्द करने की दिशा में पहल की जाए।*

अब भी जेलों में बंद हैं, जिन पर आरोप है कि उन्होंने कभी कथित माओवादियों को राशन या अन्य छोटी-मोटी सहायता दी थी। ज्ञापन में ऐसे मामलों की निष्पक्ष समीक्षा कर निर्दोष लोगों को न्याय दिलाने की मांग की गई। इसके साथ ही प्रस्तावित भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर भी चिंता व्यक्त कीगई। ज्ञापन में कहा गया कि यदि कृषि उत्पादों पर आयात शुल्क कम किया गया तो सस्ते अमेरिकी कृषि उत्पाद भारतीय बाजार में पहुंचेंगे, जिससे पहले से एमएसपी की मांग को लेकर संघर्ष कर रहे किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक दबाव पड़ेगा।

### केरावाही-बालोड़ मोड़ के आगे जंगल के पास हादसा

# माकड़ी जा रहे युवकों की बाइक पेड़ से टकराई, एक की मौत, दूसरा घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

कोण्डागांव जिले के गिरोला-रांधना मार्ग पर बुधवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक से माकड़ी जा रहे दो युवक में एक की मौत हो गई। हादसे में एक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा सुबह करीब 8:30 बजे केरावही-बालोंड़ मोड़ से लगभग एक किलोमीटर आगे जंगल के पास हुआ, जहां तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार मांझीबोरण्ड निवासी राजकुमार मरकाम (25 वर्ष) पिता सुखदेव मरकाम और कड़ईबेड़ा निवासी अनिल नेताम (24 वर्ष) बाइक से माकड़ी हमाली कार्य के लिए जा रहे थे। इसी दौरान बाइक का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क किनारे पेड़ से जा भिड़ी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही डायल-112 पुलिस और 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची। दोनों घायलों को तत्काल जिला अस्पताल कोण्डागांव लाया गया, जहां चिकित्सकों ने राजकुमार मरकाम को मृत घोषित कर दिया। वहीं अनिल नेताम का उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार उसके एक पैर में फ्रैक्चर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में भी गंभीर चोटें आई हैं।

### गांव में शोक की लहर

हादसे की सूचना मिलते ही मांझीबोरण्ड में शोक व्याप्त हो गया। लोगों का कहना है कि वह घर का कमाने वाला सदस्य था। निधन के बाद परिवार में एक सदस्य कम हो गया है। दूसरी तरफ कड़ईबेड़ा से अनिल के परिजन जिला अस्पताल पहुंचे, जहां उसका उपचार चल रहा था।

### पुलिस ने शुरू की जांच

हादसे की सूचना के बाद सिटी कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर हादसे का कारण तेज रफ्तार और बाइक का अनियंत्रित होना बताया जा रहा है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि बारिश के मौसम में रफ्तार में नियंत्रण रखें। इस समय पानी गिरने के कारण सड़क पर अक्सर फिसलन रहती है। रफ्तार तेज होने पर कई बार वाहन को नियंत्रित करना मुश्किल हो जाता है।

दो महिलाओं को किया जिला अस्पताल रेफर

# छोटेराजपुर में आवारा कुत्ते ने मां बेटी समेत पांच लोगों को काटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

कोंडागांव जिले के बड़ेराजपुर विकासखंड के ग्राम छोटेराजपुर में बुधवार को एक आवारा कुत्ते के आतंक से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। कुत्ते ने अलग-अलग स्थानों पर पांच लोगों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। घायलों में दो महिलाओं को गंभीर हालत में उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरसगांव लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार ग्राम छोटेराजपुर निवासी फूलों बाई और उनकी बुजुर्ग मां सनबती नेताम घर के सामने कमरे में बैठी थीं। इसी दौरान एक आवारा कुत्ता अचानक वहां पहुंचा और सनबती नेताम पर हमला कर दिया। मां को बचाने के लिए बीच-बचाव करने पहुंची फूलों बाई को भी कुत्ते ने हाथ में काट लिया। हमले में सनबती नेताम की आंख, होंठ, नाक और उंगली पर गंभीर चोटें आई हैं, जबकि फूलों बाई की उंगली में गहरा घाव हुआ है। दोनों को पहले फरसगांव अस्पताल में प्राथमिक उपचार दिया गया, इसके बाद चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।



### आवारा कुत्ते को पकड़ने की मांग

घायल महिलाओं ने बताया कि इसी आवारा कुत्ते ने बुधवार को गांव के अन्य तीन लोगों को भी काटा है, जिनमें एक बच्चा भी शामिल है। घटना के बाद गांव में भय का माहौल है। ग्रामीणों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से आवारा कुत्ते को पकड़ने तथा लोगों की सुरक्षा के लिए तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

# अनाचार का आरोपी गिरफ्तार, गया जेल

**कोण्डागांव।** थाना पुलिस ने बलात्कार के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए फरार आरोपी को कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। पीड़िता की शिकायत के आधार पर थाना कोंडागांव में आरोपी रूपेन कुमार सोरी 23 वर्ष, निवासी काकड़ाबेड़ा के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 69 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा के निर्देश पर गठित टीम ने मुखबिर की सूचना पर काकड़ाबेड़ा में घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। पुलिस ने विधिवत गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक सौरभ उपाध्याय सहित पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

# छात्राओं को महिला अधिकार, साइबर सुरक्षा निःशुल्क विधिक सहायता की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के तत्वावधान में शासकीय पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रवास में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में छात्राओं को कानून, महिला सुरक्षा और साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। अधिकार मित्र तरुणा ध्रुव एवं पूर्णिमा भंडारी ने छात्राओं को महिला हेल्पलाइन नंबर 181, सखी वन स्टॉप सेंटर की सुविधाओं तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से मिलने वाली निःशुल्क विधिक सहायता एवं परामर्श के बारे में जानकारी दी। शिविर में बाल अधिकार, शिक्षा का अधिकार, बाल विवाह निषेध, महिला संरक्षण कानून, पाक्सो अधिनियम, बाल श्रम, रैगिंग प्रतिषेध अधिनियम तथा महिलाओं के समानता, सम्मान और गरिमापूर्ण जीवन के अधिकार पर विस्तार से चर्चा की गई। छात्राओं को ऑनलाइन हरासमेंट, साइबर बुलिंग, साइबर स्टॉकिंग, डीपफेक तकनीक, ब्लैकमेलिंग और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के संबंध में जागरूक किया गया। साथ ही किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में तत्काल शिकायत करने की सलाह दी गई। शिविर में छात्राओं से कानून का सम्मान करने, नशा एवं बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जागरूकता फैलाने तथा अपने अधिकारों के साथ कर्तव्यों का भी पालन करने का आग्रह किया गया। कार्यक्रम में छात्रवास अधीक्षिका श्रीमती मथनी मंडावी, अधिकार मित्र तरुणा ध्रुव, पूर्णिमा भंडारी, छात्रावास स्टॉफ एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

# चिचपोलंग में आयल पाम पौधरोपण अभियान शुरू

**कोण्डागांव।** राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन ऑयल पाम के अंतर्गत संचालित प्लांटेशन ड्राइव कार्यक्रम के तहत ग्राम चिचपोलंग में आयल पाम पौधरोपण किया गया। अभियान के तहत किसान श्री झोडिया कोर्राम की 2.5 एकड़ निजी भूमि में 125 आयल पाम पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत उद्यान अधीक्षक लोकेश्वर प्रसाद ध्रुव ने आयल पाम की उन्नत खेती, विपणन व्यवस्था और प्रति एकड़ संभावित आय की जानकारी देकर की। उन्होंने किसानों को इस लाभकारी फसल को अपनाने के लिए प्रेरित किया। जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनिता कोर्राम ने किसानों से अधिक से अधिक आयल पाम पौधरोपण कर अपनी आय बढ़ाने की अपील की। वहीं जनपद सदस्य श्रीमती नीलावती नाग ने भी आयल पाम योजना के लाभों की जानकारी देते हुए किसानों को योजना से जुड़ने का आग्रह किया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि द्वारा हितग्राही किसान को कार्यादेश, पत्रक एवं अनुबंध पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में ग्राम सरपंच विजय सोढ़ी, पंचगण, विभागीय अधिकारी श्रीमती इंद्राणी पेगड़ संतुराम नेताम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं किसान उपस्थित रहे।



सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर विविध आयोजन

# पुलिस ने विद्यार्थियों के लिए रंगोली, चित्रकला निबंध लेखन प्रतियोगिता का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पुलिस ने विद्यार्थियों के लिये रंगोली, चित्रकला एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन, व्यक्तित्व, राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान तथा राष्ट्रीय एकता एवं कर्तव्य बोध के प्रति जागरुकता विकसित करना था।

पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चंद्रा एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी केशकाल अरुण नेताम के मार्गदर्शन में देश के लौह पुरूष, राष्ट्र की एकता एवं अखण्डता के शिल्पकार सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वी जयंती वर्ष पर बुधवार को विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा, कला कौशल एवं विचारों के



माध्यम से सरदार पटेल के व्यक्तित्व एवं उनके राष्ट्र निर्माण के योगदान को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष बिहारी लाल शोरी, विशिष्ट अतिथि के रूप में राज किशोर राठी, जनपद सदस्य हिडमो कुंजाम, राजकुमारी, पार्षद भूपेश चन्द्राकर, वरिष्ठ पत्रकार कृष्णदत उपाध्याय, संस्था के प्राचार्य राकेश विश्वकर्मा तथा समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे। आतिथियों ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुये कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में राष्ट्र भक्ति, अनुशासन, रचनात्मक सोच, एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करते है।

### ये रहे विजेता

निबंध प्रतियोगिता में सालिनी निर्मलकर प्रथम, चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिज्ञा मण्डावी प्रथम, रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम नादिया, मालती प्रथम रहीं। कार्यक्रम के अंत में प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव द्वारा जारी प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। थाना केशकाल पुलिस ने विश्वास व्यक्त किया की इस प्रकार के रचनात्मक एवं जन जागरूकता आधारित कार्यकमों से युवाओं में राष्ट्रीय मूल्यों, सामजिक उत्तरदायित्व तथा कानून के प्रति सम्मान की भावना और अधिक सुदृढ़ होगी।

इस अवसर पर पुलिस अनुविभागीय अधिकारी केशकाल अरुण नेताम, थाना प्रभारी केशकाल विकास बघेल, प्रशिक्षु उप. निरीक्षक धमेन्द्र कुमार प्रधान आरक्षक ईश्वर नेताम, महिला प्रधान आरक्षक महेश्वरी शडिल्य आरक्षक दीपक ध्रुव, मनोहर निषाद, अजय सलाम, सहित पुलिस विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पुलिस ने की अवैध प्रवासियों की सूचना देने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजूर

जिला पुलिस कांकेर द्वारा अवैध रूप से भारत में निवास कर रहे संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान एवं उनके विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जनसहभागिता पर आधारित विशेष जागरूकता अभियान प्रारंभ किया गया है।

पुलिस विभाग ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जिले के नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति के अवैध रूप से भारत में निवास करने, उसके ठिकाने, गतिविधियों अथवा पहचान को लेकर किसी प्रकार का संदेह हो, तो तत्काल इसकी सूचना कांकेर पुलिस को उपलब्ध कराएं। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि नागरिकों द्वारा दी गई छोटी-सी सूचना भी राष्ट्र की सुरक्षा, सामाजिक सौहार्द तथा विधि-व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। विभाग ने लोगों से किसी भी संदिग्ध व्यक्ति के नाम, पहचान, निवास स्थान, गतिविधियों, पहचान संबंधी दस्तावेज अथवा अन्य संदिग्ध जानकारियों की सूचना साझा करने का आग्रह किया है। कांकेर पुलिस ने इस उद्देश्य के लिए 24×7 संचालित टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 1800-233-1905 जारी किया है। पुलिस ने आश्वस्त किया है कि सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान और जानकारी पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी और साथ ही दूसरे प्रदेश से फेरी करने आये या किरायेदार आते है तो उसकी भी सूचना स्थानीय थाने में सूचित करने की अपील की गई है। पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे सजग एवं उत्तरदायी नागरिक का दायित्व निभाते हुए किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस तक पहुंचाएं, जिससे जिले में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सके।

# बीएसएफ कैंप के सामने गिरा वृक्ष, आवागमन रहा बाधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजूर

थाना बांदे क्षेत्र अंतर्गत बीएसएफ कैंप के सामने मुख्य मार्ग पर एक विशाल वृक्ष अचानक धराशायी हो जाने से आवागमन कई घंटों तक पूरी तरह बाधित हो गया। मार्ग अवरुद्ध होने के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यात्रियों व स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

■ पुलिस-वन विभाग के प्रयास से बहाल हुआ यातायात

घटना की सूचना मिलते ही थाना बांदे पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लेने के बाद वन विभाग को इसकी जानकारी दी। सूचना पर वन विभाग की टीम भी आवश्यक संसाधनों के साथ मौके पर पहुंची। इसके बाद पुलिस एवं वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से लगभग दो घंटे तक लगातार राहत एवं बचाव कार्य चलाया। कड़ी मशक्कत के बाद मार्ग पर गिरे विशाल वृक्ष को सुरक्षित तरीके से हटाया गया। वृक्ष हटाए जाने के बाद मार्ग पर यातायात पुनः सुचारु रूप से शुरू हो गया और फंसे हुए वाहनों को सुरक्षित निकाला गया। विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों की तत्परता, समन्वय एवं जिम्मेदार कार्यशैली से संभावित दुर्घटनाओं को भी टाल दिया गया। स्थानीय नागरिकों ने विषम परिस्थिति में पुलिस एवं वन विभाग द्वारा दिखाई गई त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए दोनों विभागों के प्रति आभार व्यक्त किया।



## पेज 9 के शेष

### सराधुनवागांव में रेत ...

के परिवहन एवं भंडारण से संबंधित सभी वैध दस्तावेज और लिखित जवाब प्रस्तुत करने निर्देशित किया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यदि निर्धारित समय-सीमा में संतोषजनक जवाब अथवा वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाते हैं, तो संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम, 2015 तथा छत्तीसगढ़ खनिज (उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण) नियम, 2009 के प्रावधानों के तहत वैधानिक एवं एकपक्षीय कार्रवाई की जाएगी। खनिज विभाग ने यह भी उल्लेख किया है कि नियमानुसार कार्रवाई की पूरी जिम्मेदारी संबंधित व्यक्ति की होगी। विभाग ने समय-सीमा के भीतर आवश्यक अभिलेख और स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

### जुआ मामले में पांच...

ने भी मामले को गंभीरता से लेते हुए छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 नियम 1 के उपनियम 3 के कंडिका (1) (2) (3) का घोर उल्लंघन है। उक्त संबंध में जाँच करके अभिमत बीएमओ से माँगा गया है। बीएमओ से अभिमत मिलने के उपरांत कड़ी कार्रवाई होना तय है।

### बासनवाही प्राशा जर्जर...

दरारें पड़ चुकी हैं, कई स्थानों पर छत का प्लास्टर झड़ रहा है और सीमेंट उखड़ चुका है। बारिश के दौरान छत से लगातार पानी टपकता है, जिससे कक्षाओं में पानी भर जाता है और बच्चों को सुरक्षित जगह बैठाकर पढ़ाना पड़ता है। स्थिति इतनी गंभीर है कि पानी टपकने से बचाव के लिए छत के नीचे तिरपाल टांग दी गई है। हालांकि इससे केवल पानी की बूंदें कुछ हद तक रुकती हैं, लेकिन जर्जर भवन का खतरा जस का तस बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि किसी भी समय छत या दीवार का हिस्सा गिर सकता है, जिससे बड़ा हादसा हो सकता है। विद्यालय की बदहाल स्थिति का सीधा असर बच्चों की पढ़ाई पर भी पड़ रहा है। बारिश के दिनों में शिक्षण कार्य बार-बार बाधित होता है। पालकों का कहना है कि वे रोज अपने बच्चों को विद्यालय भेजते समय उनकी सुरक्षा को लेकर चिंतित रहते हैं।

### शासकीय अधिकारी की ...

घटना की जानकारी मिलते ही कांकेर पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू की। वाहन नंबर के आधार पर आरोपी की पहचान की जा रही है। पुलिस ने आरोपी मोटरसाइकिल चालक के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 281 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

### नीट पेपर लीक...

के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मांडवी ने कहा कि परीक्षा प्रणाली में अनियमितताओं पर कार्रवाई करने के बजाय विरोध करने वालों पर बल प्रयोग किया जाएगा तो कांग्रेस पार्टी सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करती रहेगी। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष सुमित राय ने कहा कि दिल्ली में छात्रों के साथ हुए दुर्व्यवहार की घोर निंदा की। उन्होंनें इस घटना को अलोकतांत्रिक बताते हुए कहा कि केंद्र सरकार देश के छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। प्रदर्शन के दौरान बिरेश ठाकुर, जनक नंदन कश्यप, विजय ठाकुर, नरेंद्र यादव, सुभद्रा सलाम, ठाकुर राम कश्यप, महामंत्री उदय प्रकाश बंटी शर्मा, हेमंत ध्रुव, गफ्फार मेमन, सुनील बबला पाड़ी, हिरवेंद्र साहू, विजय यादव, सरजू शोरी, मुकेश तिवारी, महेंद्र नायक, कमल नागवंशी, आलोक श्रीवास्तव, शेष गजबिये, खोमेंद्र उइके, विनय ठाकुर, अमन गायकवाड़ सहित कांग्रेसी उपस्थित रहे।

### कांकेयर ब्रांड बनी ...

एफपीसी के जरिए इनका वितरण और बिक्री सुनिश्चित की जा रही है। थोक खरीदने हेतु जिला पंचायत परिसर में स्थापित पैकेजिंग इकाई से खरीदा जा सकता है। अब ग्राहक इन्हें ऑनलाइन भी वेबसाइट के माध्यम से घर बैठे ऑर्डर कर सकते हैं और घर बैठे शुद्ध एवं प्राकृतिक उत्पाद प्राप्त कर सकते हैं। जिला पंचायत के अनुसार अब तक कांकेयर ब्रांड के तहत अरहर दाल 92 किग्रा, शहद 5.5 किग्रा, छिंद गुड़ 05 किग्रा, रागी आटा 09 किलोग्राम तथा मक्का आटा 06 किलोग्राम की बिक्री हो चुकी है। कांकेयर ब्रांड आज केवल एक उत्पाद नहीं, बल्कि कांकेर जिले की ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और गुणवत्तापूर्ण जैविक उत्पादन की नई पहचान बनकर उभर रहा है।

**खबर संक्षेप**

### संक्रामक रोगों से रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग मुस्तैद

**दंतेवाड़ा।** वर्षा ऋतु के दौरान संभावित बाढ़ एवं जल जनित वेक्टर जनित तथा अन्य संक्रामक रोगों की रोकथाम एवं प्रभावी नियंत्रण के लिए स्वास्थ्य विभाग ने व्यापक तैयारियां पूर्ण कर ली है। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके के मार्गदर्शन में जिले के समस्त स्वास्थ्य संस्थानों को अलर्ट मोड पर रखा गया है। आमजन को किसी भी आपात स्थिति में त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए है। संभावित बाढ़ प्रभावित एवं संवेदनशील क्षेत्रों का चिन्हांकन कर वहां स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है।

# जर्जर पानी टंकी से पेयजल संकट, ग्रामीणों ने विधायक से लगाई गुहार

## पीएचई अधिकारियों को तत्काल मरम्मत एवं जीर्णोद्धार के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ घाटलोहंगा/भोंड

बस्तर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मंगनार में पंचायत भवन के समीप स्थित लगभग 15 वर्ष पुरानी पानी टंकी के जर्जर होने से गांव में गंभीर पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है। टंकी की खराब स्थिति के कारण पानी का रिसाव होकर सड़क पर बह

■ **ग्रामीणों के घरों तक नियमित पेयजल आपूर्ति बाधित हो रही**

जाता है, जिससे टंकी में पर्याप्त जल भराव नहीं हो पाता और ग्रामीणों के घरों तक नियमित पेयजल आपूर्ति बाधित हो रही है। इससे ग्रामवासियों को पेयजल के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्राम पंचायत मंगनार के ग्रामीणों ने बस्तर विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा के उपनेता प्रतिपक्ष लखेश्वर बघेल से मुलाकात कर समस्या से अवगत कराया।



ग्रामीणों ने बताया कि वर्षों से पानी टंकी जर्जर अवस्था में है, लेकिन आज तक इसकी मरम्मत या जीर्णोद्धार नहीं कराया गया। टंकी से लगातार पानी रिसने के कारण पर्याप्त मात्रा में पानी संग्रहित नहीं हो पाता, जिससे गांव के अनेक घरों तक पानी नहीं पहुंच रहा है। भीषण गर्मी के साथ-साथ अब मानसून के दौरान भी ग्रामीणों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान उपसरपंच जगूराम नेताम, पंच मगलू राम कश्यप, बेनीराम बघेल, तपेश्वर देवांगन, गौचन देवांगन, धरमु राम बघेल, गुनीराम तथा सेमलाल बघेल सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने विधायक से मांग की कि गांव की पुरानी पानी टंकी का शीघ्र जीर्णोद्धार कराया जाए ताकि ग्रामीणों को नियमित एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके।

ग्रामीणों की समस्या सुनने के बाद विधायक लखेश्वर बघेल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जर्जर पानी टंकी का तत्काल तकनीकी निरीक्षण कर आवश्यक मरम्मत एवं जीर्णोद्धार की प्रक्रिया बिना विलंब प्रारंभ की जाए, ताकि ग्रामीणों को शीघ्र राहत मिल सके।

### ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी

विधायक लखेश्वर बघेल ने कहा कि पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा प्रत्येक नागरिक का अधिकार है और इसे उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि बस्तर क्षेत्र के अनेक गांवों में आज भी पेयजल की गंभीर समस्या बनी हुई है। इस संबंध में वे लगातार राज्य सरकार को पत्र लिखकर तथा विधानसभा के माध्यम से ध्यान आकर्षित करते रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि हाल ही में संपन्न मानसून सत्र में भी उन्होंने बस्तर अंचल की पेयजल समस्या को प्रमुखता से उठाया, लेकिन सरकार केवल कागजों में योजनाओं के सफल क्रियान्वयन का दावा कर रही है। वास्तविकता यह है कि कई गांवों में जल जीवन मिशन और अन्य पेयजल योजनाओं का लाभ लोगों तक पूरी तरह नहीं पहुंच पाया है। जमीनी स्तर पर कार्यों में गंभीर लापरवाही और खानापूर्ति देखने को मिल रही है, जिसका खामियाजा आम ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि ग्राम पंचायत मंगनार की पानी टंकी के जीर्णोद्धार और पेयजल व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए वे लगातार विभागीय अधिकारियों से मॉनिटरिंग करेंगे तथा आवश्यकता पड़ने पर शासन स्तर पर भी इस मुद्दे को मजबूती से उठाएंगे। जब तक ग्रामीणों को नियमित और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं हो जाता, तब तक वे इस विषय को लगातार उठाते रहेंगे।

## बैठक में अधिकारियों को दो टूक, लापरवाही बर्दाश्त नहीं

# अंतिम व्यक्ति तक योजना पहुंचाने कलेक्टर ने दिया विकास का मंत्र






हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

शासन की योजनाएं केवल फाइलों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि उनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक हर हाल में पहुंचे। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही, देरी या गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उक्त बातें कलेक्टर अमित कुमार ने कोंटा में आयोजित बैठक में कही।

■ **दूरस्थ क्षेत्रों के विकास को मिशन मोड में तेज करने के निर्देश**

नक्सल प्रभावित और दूरस्थ अंचलों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में सुकमा जिला प्रशासन लगातार सक्रिय है। इसी कड़ी में कलेक्टर अमित कुमार ने बुधवार को जनपद पंचायत कोंटा में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं की मैराथन समीक्षा बैठक लेकर अधिकारियों को स्पष्ट संदेश दिया कि शासन की योजनाएं केवल फाइलों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि उनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक हर हाल में पहुंचे। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही, देरी या गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

बैठक में सामने आया कि कोंटा विकासखंड में मनरेगा के तहत 17,768 सक्रिय श्रमिक पंजीकृत हैं, जिनमें से 14,424 का ई-केवाईसी पूरा हो चुका है। एक जुलाई 2026 से अब तक 84,689 मानव दिवस का सृजन कर ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है।

कलेक्टर ने शेष श्रमिकों का ई-केवाईसी शीघ्र पूरा करने और रोजगार के अधिक अवसर उपलब्ध कराने पर जोर दिया। ग्रामीण संपर्क मार्गों को मजबूत बनाने के लिए 26 ग्राम पंचायतों में 41 बड़े धरसा निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए हैं, जिन पर लगभग 623 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे।

### अधिकारी फील्ड में जाकर कार्यों की करें निगरानी

बैठक के दौरान कलेक्टर अमित कुमार ने निर्माण एजेंसियों, जनपद अधिकारियों, पंचायत सचिवों और रोजगार सहायकों को निर्देश दिए कि बारिश के मौसम में भी जहां संभव हो विकास कार्यों की गति बनी रहे। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता से कोई समझौता नहीं होगा। प्रत्येक अधिकारी स्वयं फील्ड में जाकर कार्यों की निगरानी करें और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरें।

### चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में अब विकास कार्यों की रफ्तार

कलेक्टर अमित कुमार के सत्त दौरे स्पष्ट संकेत देती है कि सुकमा के दूरस्थ और चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में अब विकास कार्यों की रफ्तार तेज करने, बुनियादी सुविधाओं का विस्तार करने और शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रशासन पूरी प्रतिबद्धता और गंभीरता के साथ काम कर रहा है।

### समय पर सभी को मिले पक्का आवास

कलेक्टर अमित कुमार ने कहा कि सड़क और बुनियादी ढांचा मजबूत होने से गांवों की अर्थव्यवस्था, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को नई गति मिलेगी। प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने बताया कि इस योजना के बेहतर क्रियान्वयन में सुकमा जिला प्रदेश में चौथे और बस्तर संभाग में दूसरे स्थान पर है। इस उपलब्धि पर संतोष जताते हुए कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक पात्र परिवार को समय पर पक्का आवास उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।

### तय मिशन मोड में करें काम

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मुकुंद ठाकुर की मौजूदगी में हुई इस समीक्षा बैठक में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), धरसा विकास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, नियद नेल्लानार, बिहान और लखपति दीदी जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। कलेक्टर ने प्रत्येक योजना की जमीनी स्थिति की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को समयबद्ध लक्ष्य तय कर मिशन मोड में काम करने के निर्देश दिए।

### महिलाओं की आय में हो वृद्धि

महिला आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में भी कोंटा ब्लॉक लगातार आगे बढ़ रहा है। बिहान योजना के तहत यहां 74 प्रतिशत परिवारों को 1,474 स्व-सहायता समूहों से जोड़ा जा चुका है। वहीं लखपति दीदी योजना में 1,229 के लक्ष्य के मुकाबले 1,211 महिलाओं का पंजीयन पोर्टल पर किया जा चुका है। ग्राम पंचायत चिंतलनार में स्थापित हो रही दंडकारण्य फूड्स इमली प्रसंस्करण इकाई से लगभग 1,000 महिलाओं को जोड़ने की तैयारी है, जिससे स्थानीय महिलाओं की आय में वृद्धि के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

### तय समय सीमा में पूरा करे कार्य

दूरस्थ गांवों में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए संचालित नियद नेल्लानार योजना के तहत 6,175 व्यक्तिगत शौचालय स्वीकृत किए गए हैं। वहीं पुवर्ती, पोटकपल्ली, मंडीमरका और सिलगेर जैसे अंदरूनी गांवों में 12 सामुदायिक शौचालयों का निर्माण कराया जाएगा। कलेक्टर ने इन कार्यों को तय समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।

### पीड़िया अब विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहा



**बीजापुर।** जिले की गंगालूर तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत पीड़िया जिसे कभी नक्सलवाद का गढ़ व नक्सलवाद की यूनिवर्सिटी के रूप में जाना जाता था, आज विकास की नई कहानी लिख रहा है। वर्षों तक सुरक्षा कारणों से शासन-प्रशासन की पहुंच से दूर रहा यह गांव अब धीरे-धीरे विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहा है। 31 मार्च 2026 के बाद परिस्थितियों में आए सकारात्मक बदलाव तथा आवागमन के लिए कच्चे मार्ग बनने से प्रशासन की नियमित पहुंच संभव हो सकी है।

इसी क्रम में ग्रामीणों को शासन की मूलभूत सेवाओं से जोड़ने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत पीड़िया में विशेष आधार नामांकन एवं अद्यतन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन तहसीलदार गंगालूर भोजराम डहरिया एवं नायब तहसीलदार बीजापुर रवेन्द्र सिन्हा के मार्गदर्शन में किया गया। दूरस्थ एवं नेटवर्क विहीन क्षेत्र होने के बावजूद ग्रामीणों में शिविर को लेकर उत्साह देखने को मिला।

# चिंतालूर पोटाकेबिन की 54 छात्राओं को मिली साइकिलें

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

शासन की सरस्वती साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत आज कन्या हाई स्कूल पोटाकेबिन चितालूर में साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक चैतराम अटामी तथा जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने

■ **छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में होगी सुविधा**

अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में विद्यालय की 54 छात्राओं को साइकिल वितरित की।

कार्यक्रम में अतिथियों ने छात्राओं को साइकिल प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि सरस्वती साइकिल योजना का उद्देश्य छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा उपलब्ध कराना, उनकी नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करना तथा बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना है। छात्राओं ने भी साइकिल प्राप्त कर प्रसन्नता व्यक्त की और शासन के



प्रति आभार जताया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविन्द कुंजाम, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता भास्कर सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं शिक्षक, शिक्षिकाएं, व छात्र-छात्राएं मौजूद रहें।

### शिक्षा ही जीवन में सफलता की सबसे बड़ी कुंजी

विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि शिक्षा ही जीवन में सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। राज्य सरकार छात्राओं को बेहतर शिक्षा और सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सरस्वती साइकिल योजना से दूर-दराज क्षेत्रों की बेटियों को विद्यालय आने-जाने में सुविधा मिलेगी, जिससे उनकी पढ़ाई बाधित नहीं होगी। उन्होंने छात्राओं से मेहनत और लगन के साथ अध्ययन कर अपने सपनों को साकार करने का आह्वान किया।

### बेटियों की शिक्षा समाज के विकास की आधारशिला

जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने कहा कि बेटियों की शिक्षा समाज के विकास की आधारशिला है। शासन की विभिन्न योजनाएं छात्राओं को शिक्षा से जोड़ने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने छात्राओं से साइकिल का सुरक्षित उपयोग करने, नियमित विद्यालय आने तथा शिक्षा के माध्यम से अपने परिवार और जिले का नाम रोशन करने की अपील की।

### सीईओ ने बायोगैस प्लांटों का किया निरीक्षण

**दंतेवाड़ा।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एम. भार्गव ने बुधवार को ग्राम टेकनार एवं चितालंका में स्थापित बायोगैस प्लांटों का निरीक्षण कर उनकी कार्यप्रणाली, संचालन एवं रखरखाव की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गैस उत्पादन, जैविक खाद निर्माण तथा प्लांट की उपयोगिता का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सीईओ ने बायोगैस प्लांट से जुड़े हितग्राहियों से संवाद करते हुए उन्हें प्रतिदिन नियमित रूप से गोबर प्लांट में डालने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से गोबर डालने से बायोगैस का उत्पादन निरंतर बना रहेगा, जिससे स्वच्छ ईंधन के साथ-साथ उच्च गुणवत्ता वाली जैविक खाद भी तैयार होगी। इससे किसानों की रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम होगी और कृषि लागत में भी कमी आएगी। उन्होंने हितग्राहियों से प्लांट का नियमित उपयोग एवं रखरखाव सुनिश्चित करने का आग्रह करते हुए कहा कि शासन की इस महत्वपूर्ण योजना का पूरा लाभ तभी मिलेगा, जब सभी लाभार्थी इसे जिम्मेदारी के साथ संचालित करेंगे।

### पामेड़-रासपल्ली सड़क बनने से ग्रामीणों को मिली राहत



**बीजापुर।** उसूर विकासखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र में स्थित पामेड़-रासपल्ली सड़क के निर्माण से क्षेत्र के ग्रामीणों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। वर्ष 2016-17 बैच-2 में स्वीकृत 10 किलोमीटर लंबी इस सड़क का मुरुमीकरण कार्य पूर्ण हो चुका है, जिससे लंबे समय से आवागमन की समस्या झेल रहे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। पूर्व में यह मार्ग घने जंगलों से होकर गुजरने वाली पगडंडी था और क्षेत्र अत्यंत संवेदनशील माना जाता था। पामेड़ पहुंचने के लिए ग्रामीणों को तेलंगाना के चेरला होते हुए लगभग 230 किलोमीटर की लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी, जिससे समय और संसाधनों दोनों की भारी कठिनाई होती थी। सड़क निर्माण के बाद अब ग्रामीण सीधे पामेड़-रासपल्ली मार्ग से लगभग 100 किलोमीटर की दूरी तय कर अपने गंतव्य तक आसानी से पहुंच रहे हैं।

# 26 गांवों के ग्रामीण खिलाड़ियों को मिलेगा हुनर दिखाने का बड़ा मंच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बचेली



दंतेवाड़ा जिले के बैलाडीला क्षेत्र में खेल और खिलाड़ियों के लिए एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। नवरत्न कंपनी एनएमडीसी लिमिटेड अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व सीएसआर के तहत 23 से 26 जुलाई तक 'बैलाडीला कबड्डी लीग' का भव्य आयोजन करने जा रही है। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी खेल प्रतिभाओं को पहचान दिलाना, उन्हें तराशना और एक बेहतर मंच प्रदान करना है।

इस कबड्डी लीग में बचेली और किरंदुल क्षेत्र की कुल 26 ग्राम पंचायतों की 24 टीमें आमने-सामने होंगी। बचेली क्षेत्र से मोलसनार, दुगेली, पाढ़ापुर, बेनपाल, बड़े कमेली, कमालूर, झिरका, धुरली, गामावाड़ा, नेरली, बड़े बचेली, मसेनार, गंजेनार एवं भांसी। किरंदुल क्षेत्र से कोडेनार, कड़मपाल, मदाड़ी, चोलनार, टिकनपाल, कलेपाल, समलवार, मड़कामिरास, हिरोली, कुटरेम, गुमियापाल एवं तनेली।

मौसम को ध्यान में रखते हुए और खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं देने के लिए आयोजकों द्वारा विशेष इंतजाम किए गए हैं।

बारिश और धूप से बचाव के लिए वाटरप्रूफ जर्मन हैंगर लगाया गया है। खिलाड़ियों को चोट से बचाने और आधुनिक खेल अनुभव देने के लिए मैदान में सिंथेटिक रबर मैट बिछाई जा रही है। एनएमडीसी द्वारा सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स किट और आवश्यक खेल सामग्री प्रदान की जाएगी। लीग मुकाबले किरंदुल स्थित फुटबॉल स्टेडियम और बचेली के हॉकी मैदान में आयोजित होंगे। उद्घाटन एवं समापन समारोह एनएमडीसी टाउनशिप बचेली स्थित हॉकी मैदान में आयोजित किया जाएगा।

प्रतियोगिता के दौरान संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंच, जन प्रतिनिधि, एनएमडीसी हैदराबाद मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारी, किरंदुल व बचेली परियोजनाओं के शीर्ष अधिकारी, कर्मचारी एवं श्रम संघों के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। समापन समारोह में विजेता, उप-विजेता और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को आकर्षक पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH) नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद) मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई (छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मेटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी • एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी • सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा • आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार, • TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी नेत्र रोग विशेषज्ञ फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर 9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी • किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज • प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज • यौन संबंधी समस्याएं • महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology) Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### शा.हाईस्कूल सिहारी की छह छात्राओं को मिली सायकिल



**दुर्गूकोंदल।** ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने एवं विद्यालय आने-जाने की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित सरस्वती साइकिल योजना के तहत विकासखंड दुर्गूकोंदल के शासकीय हाई स्कूल सिहारी में साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 9वीं की छह छात्राओं को शासन की ओर से निःशुल्क साइकिल प्रदान की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष गोपीचंद बढाई ने छात्राओं को साइकिल वितरित करते हुए कहा कि शिक्षा जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने छात्राओं से नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर पढ़ाई करने और जीवन में ऊंचे लक्ष्य निर्धारित कर उन्हें हासिल करने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय के प्राचार्य दिलीप शोरी ने कहा कि सरस्वती साइकिल योजना बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने वाली महत्वपूर्ण पहल है। इससे छात्राओं की नियमित उपस्थिति बढ़ेगी तथा दूरस्थ क्षेत्रों की बेटियों को शिक्षा प्राप्त करने में सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष मनोज दुग्गा, सदस्य दीपक कल्लो, वरिष्ठ व्याख्याता किशोर सरकार, व्याख्याता देवलाल सेन, उत्तम कुमार साहू, अंबिका भंडारी, सुनंदा दर्रो, हेडमास्टर हेमलाल खरे, विद्यालय परिवार, अभिभावक एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### नवनियुक्त सीईओ का किया आत्मीय स्वागत



**दुर्गूकोंदल।** जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल में पदभार ग्रहण करने वाले नवनियुक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी का बुधवार को क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं सरपंचों ने आत्मीय स्वागत किया। जनप्रतिनिधियों ने पंचायतों के समग्र विकास, शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर समन्वय की उम्मीद जताई। स्वागत समारोह में जनपद सदस्य धनसाय हुर्रा सहित सरपंच मुकेश गावड़े, राम गावड़े, उमेश्वरी मंडावी, बसंती भालेश्वर, रमशिला कोमरा, मनेसिंह सलाम, सोमनाथ नेताम, हरिषा मंडावी एवं सियाराम मंडावी सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने नवनियुक्त सीईओ के सफल कार्यकाल की कामना करते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन सहित पंचायत स्तरीय विकास योजनाओं के बेहतर संचालन और लंबित कार्यों के शीघ्र निराकरण की अपेक्षा व्यक्त की। नवनियुक्त सीईओ ने स्वागत के लिए सभी जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

# नीट पेपर लीक का विरोध, जागरूक युवा मंच ने दिया एक दिवसीय धरना

## परीक्षा प्रणाली को बेहतर बनाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

देशभर में चर्चा का विषय बने नीट परीक्षा पेपर लीक प्रकरण तथा नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर आंदोलनरत छात्रों के समर्थन में सोमवार को दुर्गूकोंदल में जागरूक युवा मंच के बैनर तले एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। युवा, छात्र-छात्राएं एवं सामाजिक कार्यकर्ता धरने में शामिल हुए और परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता, निष्पक्षता तथा छात्रों के भविष्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। धरना स्थल पर वक्ताओं ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार सामने आ रहे पेपर लीक और अनियमितताओं से लाखों मेहनती विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। वर्षों की कड़ी मेहनत के बाद परीक्षा की गोपनीयता भंग होने से ईमानदारी से तैयारी करने वाले छात्रों के साथ अन्याय होता है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि जंतर-मंतर पर आंदोलन कर रहे छात्रों की लड़ाई केवल एक परीक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि देश की शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता और युवाओं के भविष्य की रक्षा से जुड़ी है। युवाओं ने केंद्र सरकार एवं संबंधित एजेंसियों से पेपर लीक मामलों की निष्पक्ष जांच कराने, दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सख्त कानून लागू करने की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि यदि परीक्षा प्रणाली पर विद्यार्थियों का विश्वास कमजोर होगा तो इसका सीधा असर देश की शिक्षा व्यवस्था पर पड़ेगा।



### परीक्षा में पारदर्शिता जरूरी

इसलिए सभी भर्ती एवं प्रवेश परीक्षाएं पूरी पारदर्शिता और सुरक्षा के साथ आयोजित की जानी चाहिए। जागरूक युवा मंच के सदस्यों ने स्पष्ट किया कि उनका आंदोलन किसी राजनीतिक उद्देश्य से नहीं, बल्कि छात्रों के हित और शिक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में भी छात्रों के साथ अन्याय होता रहा तो आंदोलन को और व्यापक बनाया जाएगा। धरने में दीपक कल्लो, मुकेश गावड़े, हरेश रावटे, राजेश गोटा, जयसिंह हिड़को, विजय कोमरा, अशवन दुग्गा, बल्दू दर्रो, विष्णु कोवाची, शितेश हिड़को, श्यामसिंग नरेटी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष धनेश नरेटी, हुमन मरकाम सहित जागरूक युवा, छात्र-छात्राएं एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**समस्या :** भवन इतना जर्जर हो चुका है जिसकी मरम्मत सम्मभव नहीं

# जर्जर माहुद शाला में भरा वर्षा का पानी कचरा शेड में पढ़ाई एवं मध्यान्ह भोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

बस्तर संभाग के प्रवेश द्वार कहे जाने वाले ग्राम माहुद में शिक्षा व्यवस्था की बदहाली बच्चों के भविष्य पर भारी पड़ रही है। गांव के माध्यमिक विद्यालय का भवन पूरी तरह जर्जर हो चुका है, जिसके कारण 50 से अधिक छात्र-छात्राएं खुले कचरा शेड में पढ़ाई करने और मध्यान्ह भोजन करने को मजबूर हैं। बारिश में महानदी का पानी स्कूल परिसर तक पहुंच जाता है, जबकि टूटती दीवारें और झड़ता प्लास्टर हर दिन किसी बड़े हादसे की आशंका पैदा कर रहे हैं। इसके बावजूद वर्षों से नए स्कूल भवन का निर्माण नहीं हो सका है।

माध्यमिक विद्यालय माहुद की बदहाल स्थिति शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है। विद्यालय भवन पूरी तरह जर्जर हो चुका है, जिसके चलते यहां अध्ययनरत 50 से अधिक छात्र-छात्राओं की पढ़ाई और सुरक्षा दोनों संकट में हैं। विद्यालय की दीवारों से लगातार प्लास्टर झड़ रहा है। खिड़कियां और बाउंड्रीवाल टूट चुकी हैं, जिससे भवन कभी भी दुर्घटना का कारण बन सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि बच्चे हर दिन जान जोखिम में डालकर स्कूल पहुंचते हैं। बारिश के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है।

राष्ट्रीय राजमार्ग-30 और महानदी के किनारे स्थित विद्यालय परिसर में नदी का पानी भर जाता है, जिससे कई दिनों तक स्कूल बंद रखना पड़ता है। जिस कचरा शेड में बच्चों की कक्षाएं संचालित की जा रही हैं, वह चारों ओर से खुला हुआ है। तेज हवा और बारिश के दौरान पानी सीधे अंदर आ जाता है। ऐसे में बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है और मध्यान्ह भोजन भी कठिन परिस्थितियों में करना पड़ता है। खुले स्थान होने के कारण सांप, बिच्छू सहित अन्य जहरीले जीव-जंतुओं के पहुंचने का भी खतरा बना रहता है, जिससे अभिभावकों की चिंता बढ़ गई है।




### मरम्मत करा पाना संभव नहीं

ग्राम पंचायत माहुद के सरपंच बालकृष्ण सलाम ने बताया कि पंचायत ने अपने स्तर पर कई बार विद्यालय की मरम्मत कराई, लेकिन अब भवन की स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि मरम्मत से समस्या का समाधान संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि वर्ष 1995-96 में उन्होंने भी इसी विद्यालय से शिक्षा प्राप्त की थी और तब से लेकर आज तक भवन की स्थिति में कोई उल्लेखनीय सुधार नहीं हुआ है। इसलिए नए विद्यालय भवन का निर्माण ही स्थायी समाधान है।

### सुरक्षा लेकर भारी चिंता, पर समाधान नहीं

ग्रामीण अजय कुमार निषाद ने कहा कि विद्यालय का स्थान भी सुरक्षित नहीं है। राष्ट्रीय राजमार्ग और महानदी के किनारे होने के कारण बच्चों की सुरक्षा हमेशा चिंता का विषय बनी रहती है। बारिश के दौरान परिसर में पानी भर जाता है, इसलिए गांव के किसी सुरक्षित स्थान पर नए विद्यालय का निर्माण कराया जाना चाहिए। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि विद्यार्थियों की सुरक्षा और बेहतर शिक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए ग्राम माहुद में शीघ्र नए विद्यालय भवन का निर्माण कराया जाए, ताकि बच्चों को सुरक्षित वातावरण में शिक्षा मिल सके और भविष्य किसी हादसे की भेंट न चढ़े।

### बच्चों की जान खतरे में

ग्रामीण दिलीप पटेल ने बताया कि उनकी बेटी भी इसी विद्यालय में पढ़ती है। वह अक्सर घर आकर बताती है कि कक्षा की दीवारों से प्लास्टर गिरता रहता है। इस कारण कई अभिभावक अपने बच्चों को निजी विद्यालयों में भेजने लगे हैं, लेकिन आर्थिक रूप से कमजोर परिवार ऐसा नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब तक नया विद्यालय भवन नहीं बनता, तब तक बच्चों की जान हर दिन खतरे में रहेगी।



## झमाझम बारिश से परलकोट अंचल में खेती ने पकड़ी रफ्तार, किसानों में हर्ष



**पखांजूर।** परलकोट क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से हो रही झमाझम बारिश ने खरीफ सीजन की खेती को नई गति दे दी है। लगातार वर्षा होने से धान की रोपाई का कार्य तेज़ी से आगे बढ़ा है। ग्रामीणों के अनुसार क्षेत्र में अब तक लगभग 50 प्रतिशत धान की रोपाई पूरी हो चुकी है, जबकि किसानों का अनुमान है कि यदि मौसम इसी तरह अनुकूल बना रहा तो जल्द ही करीब 100 प्रतिशत क्षेत्र में धान की रोपाई पूरी हो जाएगी।

बारिश से पहले वर्षा की कमी को लेकर किसानों में चिंता का माहौल था। क्षेत्र में पानी की कमी की आशंकाओं और तरह-तरह की अफवाहों के कारण किसान असमंजस में थे कि समय पर रोपाई हो पाएगी या नहीं। लेकिन हाल की मूसलाधार बारिश ने उनकी सभी चिंताओं को काफी हद तक दूर कर दिया है। किसानों का कहना है कि यह बारिश खेती-किसानी के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। खेतों में पर्याप्त पानी भरने से रोपाई का कार्य तेजी से चल रहा है और किसानों में नई उम्मीद जगी है। गांवों में सुबह से शाम तक खेतों में रोपाई का काम जोरों पर है। किसान भावतोष मजुमदार ने बताया कि बारिश नहीं होने से किसान काफी परेशान थे और भविष्य को लेकर चिंतित थे। लेकिन लगातार हुई अच्छी वर्षा से खेतों में पर्याप्त पानी उपलब्ध हो गया है, जिससे धान की रोपाई तेज़ी से शुरू हो गई है।

# तनाव मुक्त पुलिस व सुरक्षित समाज पर कांकेर में प्रोजेक्ट संवाद की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

▪ एसपी निखिल कुमार राखेचा के निर्देश पर हुई कार्यशाला



पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए कांकेर पुलिस ने प्रोजेक्ट संवाद के तहत बुधवार को पुलिस लाइन कांकेर में तनाव प्रबंधन एवं अवसाद रोकथाम विषय पर विशेष जागरूकता एवं परामर्श कार्यशाला आयोजित की। कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस बल और उनके परिवारजनों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा तनावमुक्त एवं सकारात्मक कार्य वातावरण विकसित करना रहा।

पुलिस अधीक्षक निखिल कुमार राखेचा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री योगेश साहू के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यशाला में डीएसपी प्रतिभा लहरे, डीएसपी विंकेश्वरी पिंदे, डीएसपी कविता धुर्वे, रक्षित निरीक्षक गोविंद वर्मा सहित जिले के विभिन्न थाना-चौकी एवं पुलिस लाइन के अधिकारी-कर्मचारी तथा उनके परिवारजनों सहित करीब 150 प्रतिभागी शामिल हुए। कार्यक्रम में जिला चिकित्सालय कांकेर से पहुंचे मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों की टीम ने पुलिस कर्मियों को तनाव, अवसाद, चिंता, भावनात्मक चुनौतियों और आत्महत्या की रोकथाम जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक जानकारी दी। टीम में साइकेट्रिक नर्स आशीष जैन, क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट उमाशंकर सोनकर तथा साइकेट्रिक सोशल वर्कर गार्गी वर्मा शामिल रहे। विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी भ्रांतियों को भी दूर किया। विशेषज्ञों ने बताया कि पुलिस सेवा के दौरान लगातार कार्य का दबाव, अनियमित दिनचर्या और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियां मानसिक तनाव का कारण बन सकती हैं। ऐसे में समय रहते लक्षणों की पहचान करना, आवश्यकता पड़ने पर विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श लेना तथा मानसिक स्वास्थ्य को लेकर खुलकर संवाद करना बेहद जरूरी है। कार्यशाला के दौरान तनाव कम करने के व्यावहारिक उपाय, सकारात्मक सोच विकसित करने, योग एवं ध्यान, पर्याप्त विश्राम, स्वस्थ जीवनशैली, पारिवारिक सहयोग तथा सहकर्मियों के साथ बेहतर संवाद की भूमिका पर भी विस्तार से चर्चा की गई। कांकेर पुलिस ने बताया कि "प्रोजेक्ट संवाद" का उद्देश्य पुलिस बल में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना, तनाव एवं अवसाद की रोकथाम करना तथा अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिवारों को मानसिक रूप से सशक्त एवं स्वस्थ बनाए रखना है। इसी उद्देश्य से भविष्य में भी इस तरह के जागरूकता एवं परामर्श कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे।

# डीईओ ने स्कूल में नशे में पहुंचे प्राशा एचएम को किया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




▪ प्राथमिक शाला डोकरानाला के प्रधानपाठक पर की गई कार्रवाई

शैक्षणिक संस्थानों में अनुशासन और गरिमा बनाए रखने के उद्देश्य से जिला शिक्षा अधिकारी ने बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए विकासखंड नरहरपुर के प्राथमिक शाला डोकरानाला के प्रधान पाठक शोभाराम ध्रुव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

जांच प्रतिवेदन में विद्यालय में मदिरापान की अवस्था में उपस्थित पाए जाने की पुष्टि होने के बाद यह कार्रवाई की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार संबंधित मामले की जांच कराए जाने पर प्रस्तुत प्रतिवेदन में पाया गया कि प्रधान पाठक शोभाराम ध्रुव शासकीय विद्यालय में ड्यूटी के दौरान शराब के नशे की हालत में मौजूद थे। इसे शासकीय सेवक के आचरण के विपरीत मानते हुए छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 का गंभीर उल्लंघन माना गया। जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद ने जांच प्रतिवेदन के आधार पर छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1966 के प्रावधानों के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबन आदेश जारी कर दिया। आदेश के अनुसार निलंबन अवधि में प्रधान पाठक का मुख्यालय कार्यालय, खंड शिक्षा अधिकारी, कोयलीबेड़ा निर्धारित किया गया है।

इस अवधि में उन्हें शासन के नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्रदान किया जाएगा। शिक्षा विभाग ने यह भी संकेत दिया है कि भविष्य में यदि किसी शासकीय विद्यालय में इस प्रकार की शिकायत सामने आती है और जांच में उसकी पुष्टि होती है, तो संबंधित अधिकारी या कर्मचारी के विरुद्ध भी नियमानुसार कठोर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। विभाग का कहना है कि विद्यार्थियों के हित, शैक्षणिक वातावरण की गरिमा और शासकीय सेवा के अनुशासन से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण का महत्वपूर्ण स्थान भी है। ऐसे में किसी भी शिक्षक अथवा कर्मचारी द्वारा अनुशासनहीनता, मदिरापान अथवा अन्य अनुचित आचरण को किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## 12 छात्राओं को मिली सरस्वती साइकिल



**दुर्गुकोंदल।** शासकीय हाई स्कूल डांगरा में बुधवार को सरस्वती साइकिल योजना के तहत नवप्रवेशी 12 छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। इसी अवसर पर विद्यालय की नई स्कूल प्रबंधन समिति का गठन भी किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, अभिभावकों और ग्रामीणों की उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत डांगरा की सरपंच रमुला नरेटी ने छात्राओं को साइकिल की चाबी सौंपते हुए कहा कि बेटियों की शिक्षा समाज के विकास की मजबूत नींव है। विद्यालय के प्राचार्य आरएन हिरवानी ने शासन की सरस्वती साइकिल योजना को छात्राओं के लिए लाभकारी बताते हुए कहा कि दूरस्थ गांवों से आने वाली छात्राओं को इससे आवागमन की कठिनाइयों से राहत मिलेगी। एसएमसी अध्यक्ष बिसाहूराम मरकाम सहित जनप्रतिनिधि, शिक्षक एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

## युवक की इलाज के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

थाना कोरर क्षेत्र के हाटकर्रा और डोमाहर्रा के बीच सड़क पर हुए सड़क हादसे में घायल 21 वर्षीय युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस के अनुसार ग्राम बारवी निवासी 21 वर्षीय संजय दर्रो 19 फरवरी को अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 05 वी 0227 को स्वयं लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में गिर गया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई। प्राथमिक इलाज के बाद उसे डीकेएस सुपर स्पेशलिटी अस्पताल रायपुर रेफर किया गया, जहां 22 फरवरी को इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ धारा 106(1), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।




### युवक की मौत, बाइक चालक पर मामला दर्ज

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत हाटकर्रा के ईमलीपारा पुल के आगे सड़क दुर्घटना में मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि आरोपी वाहन क्रमांक सीजी 19 बीयू 0936 के चालक ने अपनी वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए एक्सीडेंट कर दिया, जिससे गंभीर चोट आने के मौत हो गया। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 281, 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।




# एकलव्य विद्यालय दुर्गूकोंदल में मनाया गया प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल



एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय दुर्गूकोंदल में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत एवं नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर शाला प्रवेश उत्सव उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन और पूजा-अर्चना से हुआ। इसके बाद नवप्रवेशित विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर ने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ संस्कार, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण का महत्व बताते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन भविष्य निर्माण का सबसे महत्वपूर्ण समय होता है। उन्होंने विद्यार्थियों से गुरुजनों और अभिभावकों का सम्मान करने तथा विद्यालय की सुविधाओं का पूरा लाभ उठाकर शिक्षा, खेल और अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि विकास राजू नायक ने कहा कि शिक्षा ही विद्यार्थियों के सपनों को साकार करने का सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों से पढ़ाई के साथ खेलकूद, सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों में भी सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। अन्य अतिथियों ने भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन और निरंतर मेहनत को सफलता की कुंजी बताते हुए विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में अभिभावकों और विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला तथा सभी ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में प्राचार्य बैजनाथ नरेटी सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, अभिभावक एवं विद्यालय परिवार उपस्थित रहे।

